रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना)
CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS (ARMY)
बेल्वेडियर परिसर, आयुध पथ, मेरठ छावनी – 250001
Belvedere Complex, Ayudh Path, Meerut Cantt-250 001
☎ 0121-2794367 फ़ैक्स संख्या Fax Nos. 0121-2646254,
Email: oandmcdaarmy.dad@hub.nic.in

**(ई-मेल एवं वैबसाइट द्वारा प्रेषित)**

सं. संग. एवं प./प्रशि.कक्ष/घरेलू प्रशि./सी.टी.सी बैठक/2024-25

दिनांक: 09.04.2024

**सेवा में,**

1. प्रभारी अधिकारी, क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (सेना) आगरा।
2. प्रभारी अधिकारी, क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (सेना) देहरादून।
3. प्रभारी अधिकारी, वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे) के.आर.सी, रानीखेत।
4. प्रभारी अधिकारी, वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे) जे.आर.सी, बरेली ।
5. प्रभारी अधिकारी, वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे) जी. आर. आर. सी. लैन्सडाउन।
6. प्रभारी अधिकारी, वेतन लेखा कार्यालय (अ.श्रे) बी.ई.जी एवं सी, रुड़की।
7. प्रभारी अधिकारी, सभी अनुभाग, मुख्य कार्यालय

**विषय:** नियंत्रक प्रशिक्षण समिति की दिनाँक **27.03.2024** को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त वर्ष **2024-25** के संबंध में ।

***************************

उपरोक्त विषयक, दिनाँक 27/03/2024 को वर्ष 2024-25 में घरेलू प्रशिक्षण हेतु हुई नियंत्रक प्रशिक्षण समिति की हुई बैठक के कार्यवृत्त सक्षम अधिकारी के अनुमोदन के उपरांत सूचनार्थ एवं आवशयक कारवाई के लिए प्रेषित है।

समूह अधिकारी द्वारा अवलोकित।

**संलग्न:-यथोपरि**

वरिष्ठ लेखा अधिकारी
**(संग. एवं प. कक्ष)**

**प्रतिलिपि:**

1. नियंत्रक सचिवालय (स्थानीय)
2. कार्यालय रक्षा लेखा नियंत्रक (क्षे. प्र. कें.), मेरठ } सूचनार्थ।
3. प्रभारी अधिकारी, ओ. ए. सेल (स्थानीय) } वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

वरिष्ठ लेखा अधिकारी
**(संग. एवं प. कक्ष)**

## रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना), मेरठ छावनी

## नियंत्रक प्रशिक्षण समिति की दिनांक 27 मार्च 2024 को सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त

विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण सम्बन्धी गतिविधियों को नियत करने एवं वर्ष 2024-25 के लिए घरेलू प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों के कैलेंडर को अंतिम रूप देने के लिए, दिनांक 27 मार्च 2024 को श्री तरुण कुमार जाजोरिया, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना), मेरठ छावनी की अध्यक्षता में, कार्यालय की 'नियंत्रक प्रशिक्षण समिति' की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में निम्न अधिकारी सम्मिलित हुए :

| क्र. सं | नाम (सर्वश्री/श्रीमति) | पदनाम | कार्यालय/अनुभाग |
|---|---|---|---|
| 1. | जसविंदर सिंह, भा.र.ले.से | रक्षा लेखा उप नियंत्रक | मुख्य कार्यालय |
| 2. | अनुराग काला, भा.र.ले.से | रक्षा लेखा उप नियंत्रक | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय (सेना), देहरादून (ऑनलाइन माध्यम से) |
| 3. | के हरिप्रीति, भा.र.ले.से | रक्षा लेखा उप नियंत्रक | मुख्य कार्यालय |
| 4. | प्रांजल वर्मा , भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | मुख्य कार्यालय |
| 5. | मुकेश शर्मा, भा.र.ले.से | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | मुख्य कार्यालय |
| 6. | अखिलेश कुमार, भा.र.ले.से | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | मुख्य कार्यालय |
| 7. | सतीश कुमार, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | क्षेत्रीय लेखा कार्यालय, आगरा छावनी (ऑनलाइन माध्यम से) |
| 8. | एस.के. गुप्ता, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | र. ले. नि. (क्षे. प्र. के.), मेरठ |
| 9. | मनोज कुमार, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | वेतन लेखा कार्यालय (अन्य श्रेणी), जे.आर.सी., बरेली (ऑनलाइन माध्यम से) |
| 10. | सुमित भाम्बू, भा.र.ले.से. | रक्षा लेखा सहायक नियंत्रक | वेतन लेखा कार्यालय (अन्य श्रेणी), के.आर.सी., रानीखेत (ऑनलाइन माध्यम से) |
| 11. | आशु राजन | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | वेतन लेखा कार्यालय (अन्य श्रेणी), बी.ई.जी&सी., रुड़की (ऑनलाइन माध्यम से) |
| 12. | आशीष सेठी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | प्रशा. अनु. VII (मुख्य कार्यालय) |
| 13. | नवीन प्रकाश | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | ई. डी. पी. अनुभाग (मुख्य कार्यालय) |
| 14. | देश राज निर्वान | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | वेतन अनुभाग (मुख्य कार्यालय) |
| 15. | चाँदबीर सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | अभियांत्रिकी अनुभाग (मुख्य कार्यालय) |

| क्र. सं | नाम (सर्वश्री/श्रीमति) | पदनाम | कार्यालय/अनुभाग |
|---|---|---|---|
| 16. | कौशल धीमान | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | विविध अनुभाग (मुख्य कार्यालय) |
| 17. | क्रांति कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | लेखा अनुभाग स(मुख्य कार्यालय) |
| 18. | प्रदीप केसरवानी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | लेखा परीक्षा (अन्य श्रेणी) अनुभाग [मुख्य कार्यालय] |
| 19. | संतोष कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी | वेतन लेखा कार्यालय (अन्य श्रेणी) जी.आर.आर.सी. लैन्सडाउन (ऑनलाइन माध्यम से) |
| 20. | अभिनव कुमार | सहायक लेखा अधिकारी | संग. एवं प. कक्ष (मुख्य कार्यालय) |
| 21. | प्रवीण कुमार | सहायक लेखा अधिकारी | संग. एवं प. कक्ष (मुख्य कार्यालय) |
| 22. | मनीष गुप्ता | लेखा परीक्षक | संग. एवं प. कक्ष (मुख्य कार्यालय) |

2. बैठक के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए, वरिष्ठ लेखा अधिकारी श्री देश राज निर्वान द्वारा, बैठक की कार्यवाही को प्रारंभ करते हुए सूचित किया कि 'नियंत्रक प्रशिक्षण समिति' की बैठक का आयोजन करने हेतु संगठन एवं पद्धति अनुभाग तीन चरणों में कार्रवाई करता है जिसमे पहले चरण मे मुख्य कार्यालय के सभी अनुभागों और उप कार्यालयों से प्रशिक्षण के संबंध में सुझाव आमंत्रित किए जाते है, दूसरे चरण में प्रशिक्षण के सहयोगी कार्यालय क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, मेरठ द्वारा तैयार किए गए प्रशिक्षण कैलेंडर को भी ध्यान में रखते हुए बैठक के लिए आवश्यक Agenda Points, Draft Training Calendar तैयार करता है और तीसरे चरण में 'नियंत्रक प्रशिक्षण समिति' की बैठक का आयोजन किया जाता है जिसमे रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना), मेरठ छावनी के संगठन में पूर्व वर्ष 2023-24 के दौरान सम्पन्न प्रशिक्षण गतिविधियों की सूचना,वर्ष 2024-25 के घरेलू प्रशिक्षण कैलेंडर पर विचार-विमर्श एवं अनुमोदन तथा संबंधित अन्य गतिविधियों को निर्णीत किया जाता है।

3. तदुपरांत, वरिष्ठ लेखा अधिकारी श्री देश राज निर्वाण द्वारा पिछले 05 वर्षो मे घरेलू प्रशिक्षण के दौरान में अनुमोदित कराए गये पाठ्यक्रमों एवं प्रशिक्षण दिये गये सभी पाठ्यक्रमों के संबंध में जानकारी देते हुए सूचित किया कि विगत वर्ष 2023-24 के अंतर्गत अनुमोदित कराये गये सभी 12 पाठ्यक्रमो सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। 12 पाठ्यक्रमों में से 05 पाठ्यक्रम वेतन लेखा कार्यालय (अन्य श्रेणी) की कार्यप्रणाली पर आधारित थी। ये 05 प्रशिक्षण बारी- बारी से सभी पाँच वेतन लेखा कार्यालयों द्वारा अपने-अपने यंहा आयोजित किए गए थे और बाकी के वेतन लेखा कार्यालय ऑनलाइन माध्यम से प्रशिक्षण हेतु जुड़े थे, जिससे कि प्रशिक्षण का लाभ मुख्य कार्यालय के अधीन सभी पांचों वेतन लेखा कार्यालयों को प्राप्त हो सके।

4. इसके उपरांत, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से मुख्य कार्यालय और उप कार्यालयों से आए हुए सभी एजेंडा बिन्दुओं और सुझावों पर चर्चा प्रारम्भ हुई।

5. श्रीमति के हरिप्रीति, भा.र.ले.से, रक्षा लेखा उप नियंत्रक ने सुझाव दिया की AO(GE) और LAO कार्यालय में पदस्थ कार्मिकों को DPM, GeM और IFA की कार्यप्रणाली की जानकारी होनी चाहिए। इसके ऊपर नियंत्रक महोदय ने निर्णय दिया कि AO(GE) और LAO की कार्यप्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखे जाए, जिसमे DPM, GeM और IFA सिस्टम के बारे में भी जानकारी प्रदान की जाए।

**(कार्रवाई: संगठन एवं पद्यति प्रकोष्ठ)**

6. लेखा अनुभाग की कार्यप्रणाली से संबन्धित पाठ्यक्रम, जो कि रक्षा लेखा नियंत्रक (क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र), मेरठ के कार्यालय द्वारा S.No.-13 पर आयोजित हो रहा है और जिसमे इस कार्यालय के प्रतिभागियों के लिए केवल 10 स्लॉट प्रदान किए गए, के लिए नियंत्रक महोदय ने 04 और स्लॉट बढ़ाने हेतु क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, मेरठ के कार्यालय को पत्र लिखने के लिए निर्देशित किया।

**(कार्रवाई: संगठन एवं पद्यति प्रकोष्ठ एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, मेरठ)**

7. SPARSH विषय के महत्व को ध्यान में रखते हुए और क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, मेरठ के कार्यालय द्वारा केवल 10 स्लॉट दिये जाने पर, श्री देश राज निर्वान, व. लेखा अधिकारी द्वारा एक प्रशिक्षण कार्यक्रम घरेलू प्रशिक्षण कैलेण्डर में शामिल करने का सुझाव दिया, जिसे अध्यक्ष महोदय ने सहमति प्रदान की।

**(कार्रवाई: संगठन एवं पद्यति प्रकोष्ठ)**

8. वेतन लेखा कार्यालय (अन्य श्रेणी) जे. आर. सी. बरेली के द्वारा आयकर विषय uploading of 24G, 24Q पर रखी गई प्रशिक्षण की मांग पर चर्चा की गई और बैठक में उक्त विषय पर एक घरेलू प्रशिक्षण कार्यक्रम कराने के सुझाव को सहमति प्रदान की गई।

**(कार्रवाई: संगठन एवं पद्यति प्रकोष्ठ)**

9. वेतन लेखा कार्यालय (अन्य श्रेणी) की कार्यप्रणाली से संबन्धित प्रशिक्षण के संबंध में नियंत्रक महोदय ने निर्देश दिया कि पिछले वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी वेतन लेखा कार्यालय की कार्यप्रणाली पर प्रशिक्षण कार्यक्रम रखे जाए। इसके अतिरिक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि क्रमांक 10 पर दर्शाये गए PAO की कार्यप्रणाली से संबन्धित पाठ्यक्रम के स्थान पर सभी PAOs एक दिवसीय पाठ्यक्रम का आयोजन बारी-बारी से करेगें जिसमें किसी एक PAO की faculty द्वारा HYBRID माध्यम से अपने कार्यालय के साथ-साथ अन्य PAOs के प्रतिभागियों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा। जिनमें निम्न विषयों को शामिल किया जाना आपेक्षित है:-

(i) Processing of LPC-cum-Data sheet.

(ii) Workshop on ORs pay system.

(iii) Focusing on FSA process and DO-II processing and rejection.

(iv) MIS and PAO functioning report.

(v) AGIF.

(vi) How to deal with Heavy Cr/Dr. Balance cases.

(vii) How to process or deal with OPD & IPD Medical claims.

(vii) Final Bill processing and TA/DA/LTC claim processing.

**(कार्रवाई: सभी वेतन लेखा कार्यालय एवं संग. एवं प. प्रकोष्ठ)**

10. DOLPHIN के ऊपर रक्षा लेखा नियंत्रक (क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र), मेरठ के कार्यालय द्वारा S.No.-17 पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अध्यक्ष महोदय ने इस पर सुझाव दिया कि इस प्रशिक्षण में निश्चित ही EDP अनुभाग (स्थानीय) और AT (ORs) अनुभाग (स्थानीय) के कार्मिकों को भी शामिल किया जाए, जिससे कि उक्त अनुभागों में कार्यरत कार्मिक भी Dolphin System से परिचित हो सके एवं भविष्य में PAOs से संबन्धित किसी समस्या अथवा Report & Returns पर अपना मत रख सके।

**(कार्रवाई: संगठन एवं पद्यति प्रकोष्ठ)**

11. हिन्दी सम्बन्धी प्रशिक्षण पर नियंत्रक महोदय ने निर्देश दिया कि हिन्दी अनुभाग द्वारा प्रत्येक त्रैमासिक पर दिये जाने वाले प्रशिक्षण को संगठन एवं पद्धति अनुभाग के प्रशिक्षण कैलेंडर के साथ शामिल कर लिया जाए।

**(कार्रवाई: हिन्दी अनुभाग और संगठन एवं पद्धति प्रकोष्ठ)**

12. स्थानीय लेखा परीक्षा (सेना) मथुरा के कार्यालय द्वारा सम्प्रेषण कौशल से संबन्धित प्रशिक्षण की मांग रखी गई थी जिस पर श्री प्रांजल वर्मा , भा.र.ले.से., सहा. नियंत्रक ने बताया कि यह विषय रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) मेरठ के कार्यालय द्वारा चलये गए "विनीत" कार्यक्रम का हिस्सा है। तदुपरान्त नियंत्रक, महोदय ने निर्देश दिया कि सम्प्रेषण कौशल के लिए विनीत कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुए इस वर्ष 04 स्टेशनों (देहारादून, बरेली, रानीखेत और आगरा) पर स्थित सभी उप-कार्यालयों के कार्मिकों को शामिल किया जाए एवं उक्त स्टेशनों पर आयोजित किया जाए। जिसमे कम से कम वरिष्ठ लेखा अधिकारी एवं भा.र.ले.से. अधिकारी स्तर के संकाय होने चाहिए।

**(कार्रवाई: संगठन एवं पद्यति प्रकोष्ठ एवं प्रशा-I अनुभाग (स्थानीय))**

13. Handling of CAT/Court Case विषय पर प्रशिक्षण को रक्षा लेखा नियंत्रक (क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र), मेरठ के कार्यालय द्वारा S.No.-17 पर आयोजित हो रहा है और इस कार्यालय के प्रतिभागियों के लिए केवल 10 स्लॉट प्रदान किए गए है, के लिए नियंत्रक महोदय ने 02 और स्लॉट बढ़ाने हेतु क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, मेरठ के कार्यालय को पत्र लिखने के लिए निर्देशित किया।

**(कार्रवाई: संगठन एवं पद्यति प्रकोष्ठ एवं क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, मेरठ)**

14. श्री मुकेश शर्मा, भा.र.ले.से, सहा. नियंत्रक ने बैठक में सुझाव दिया कि AOGE और LAO कार्यालयों से नामित प्रतिभागियों को AOGE अथवा LAO से संबन्धित किसी पाठयक्रम पर प्रशिक्षण हेतु आने वाले प्रतिभागी AOGE और LAO के कार्यालय से संबन्धित दो चर्चा योग्य केस लेकर आये। इस हेतु नियंत्रक महोदय ने संगठन एवं पद्यति अनुभाग को AOGE और LAO के कार्यालयों को पत्र लिखने के लिए निर्देशित किया।

**(कार्रवाई: संगठन एवं पद्यति प्रकोष्ठ)**

15. श्री अनुराग काला, भा.र.ले.से., उप-नियंत्रक द्वारा Special session on Stress Management विषय पर कराए जाने का प्रस्ताव दिया गया , जिसपर अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिए गए कि संबन्धित विषय पर Department से अलग Specialized Faculty द्वारा उक्त विषय पर मुख्य कार्यालय एवं उप-कार्यालय से अधिक से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए HYBRID माध्यम से पाठ्यक्रम का आयोजन कराए जाने की संभावना को तलाशा जाए।

**(कार्रवाई: संगठन एवं पद्यति प्रकोष्ठ)**

16. अंत मे अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक मे भाग लेने वाले सभी अधिकारियों का उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए आभार प्रकट किया गया। इसके साथ बैठक को समाप्त कर दिया गया ।

**********************